भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 267 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 30 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# राजस्थान में नई कॉमर्शियल एलपीजी नीति लागू, प्राथमिकता के आधार पर गैस आवंटन तय

## रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, होटल-ढाबों को 60% तो उद्योगों को 40% गैस; सरकारी संस्थानों को 100% आपूर्ति

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में कॉमर्शियल एलपीजी आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए राज्य सरकार ने नई नीति लागू कर दी है। इस नीति के तहत विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर 40 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक गैस आवंटित की जाएगी। साथ ही बिना रजिस्ट्रेशन किसी भी व्यावसायिक उपभोक्ता को एलपीजी सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि 8 मार्च को केंद्र सरकार द्वारा एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर लागू कर कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित की गई थी, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध गैस मिल सके। अब केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से कॉमर्शियल सप्लाई को चरणबद्ध तरीके से बहाल किया गया है, जो फिलहाल करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है।

नई व्यवस्था के अनुसार होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और डेयरी सेक्टर को 60 प्रतिशत गैस आवंटित होगी, जबकि औद्योगिक इकाइयों को 40 प्रतिशत और अन्य उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत गैस दी जाएगी। मंदिरों, विवाह समारोहों और धार्मिक आयोजनों को भी 50 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

फूड कार्ट संचालकों और प्रवासी श्रमिकों को जरूरत के अनुसार 5 किलो के अधिकतम दो सिलेंडर दिए जाएंगे। वहीं सरकारी अस्पताल, स्कूल-कॉलेज (होस्टल व मिड-डे मील सहित), सरकारी कार्यालयों के कैंटीन, पुलिस व अर्धसैनिक बलों के मेस और शोध संस्थानों को 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

सरकार के अनुसार गैस आवंटन अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक की औसत खपत के आधार पर तय किया जाएगा। इसमें वैकल्पिक ईंधन और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के उपयोग को घटाकर वास्तविक आवश्यकता का आकलन किया जाएगा।

यदि किसी जिले में गैस की बचत होती है, तो जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति अतिरिक्त आवंटन का निर्णय ले सकेगी।

नई नीति के तहत जहां पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां उपभोक्ताओं को पहले पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। कनेक्शन मिलने तक ही एलपीजी का उपयोग किया जा सकेगा।

हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल




शर्मा ने जानकारी दी थी कि केंद्र सरकार ने राजस्थान को 10 प्रतिशत अतिरिक्त कॉमर्शियल एलपीजी आवंटन की मंजूरी दी है। उन्होंने इसे राज्य सरकार के सुधारों और त्वरित स्वीकृतियों का परिणाम बताया।

# जिला अस्पताल में मोबाइल चोरी करते युवक पकड़ा, लोगों ने की पिटाई

## मेल सर्जिकल वार्ड में वारदात, आरोपी पुलिस के हवाले; सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(पुनित चपलोत)।** जिले के महात्मा गांधी चिकित्सालय में रविवार को सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई, जब मेल सर्जिकल वार्ड में मोबाइल चोरी की घटना सामने आई। वार्ड में भर्ती मरीज के परिजन का मोबाइल चोरी करते एक युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया।

पीड़ित सत्तू जाट ने बताया कि उसके भाई गोविंद जाट को अपेंडिक्स की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी दौरान एक युवक वार्ड में घुसकर मौका देखकर मोबाइल चोरी करने लगा। लोगों को शक होने पर उसे पकड़ लिया गया।

घटना के बाद वार्ड में अफरा-तफरी मच गई और गुस्साए लोगों ने युवक की मौके पर ही पिटाई कर दी। बाद में आरोपी को अस्पताल में तैनात होमगार्ड कर्मियों के हवाले किया गया, जिन्होंने उसे भीमगंज थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

घटना के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# मांडल में बेखौफ बदमाशों का आतंकः बुजुर्ग महिला के कानो से छीने झुमके

## रात 3 बजे घर में घुसे बदमाश, लहूलुहान हालत में महिला को किया रेफर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)**

जिले के मांडल थाना क्षेत्र में गाडरी खेड़ा गांव में शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि एक सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है। बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर बरामदे में सो रही एक बुजुर्ग महिला के कान में पहने सोने के झुमके खीचकर लूट लिए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।



पीड़ित भैरूलाल माली ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि रविवार तड़के करीब 3 बजे दो अज्ञात बदमाश घर के पीछे बने बाड़े की दीवार फांदकर अंदर घुसे। उस समय परिवार के सदस्य नानूराम, शांतिदेवी और शिवम बरामदे में सो रहे थे।

बदमाशों ने सो रही शांतिदेवी को निशाना बनाते हुए उनके कानों में पहने करीब एक तोला वजनी सोने के झुमके झपट लिए। छीना-झपटी के दौरान बदमाशों ने इतनी बेरहमी दिखाई कि महिला के दोनों कान बुरी तरह फट गए और खून बहने लगा। महिला की चीख सुनकर परिजन जागे, लेकिन तब तक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे।

घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को तुरंत मांडल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर भीलवाड़ा रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने महिला के कानों में टांके लगाकर रक्तस्राव रोका।

इस घटना के बाद गाडरी खेड़ा सहित आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्धों की तलाश के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# एलपीजी व पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई, 8 गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालकर फैलाई दहशत, व्यूज बढ़ाने के लालच में कर रहे थे गुमराह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)।** जिले में घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी झूठी और भ्रामक पोस्ट डालकर आमजन में दहशत का माहौल बना रहे थे।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी जानबूझकर गैस व पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर गलत जानकारी फैला रहे थे, जिससे लोगों में घबराहट बढ़ रही थी और अनावश्यक मांग उत्पन्न होने की स्थिति बन रही थी।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना बनेड़ा से 4, बड़लियास से 2, सुभाषनगर से 1 और गांधीनगर थाना क्षेत्र से 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया पर व्यूज और फॉलोअर्स बढ़ाने के लालच में इस तरह की अफवाहें फैला रहे थे।

पुलिस ने जिन आरोपियों को हिरासत में लिया है, उनमें करण जाट पिता मोहनलाल जाट, निवासी सरदार नगर थाना बनेडा , धीरज जाट पिता भंवरलाल, निवासी सरदार नगर थाना बनेड़ा, अर्पित शर्मा पिता गणेश नारायण शर्मा, निवासी जोरावरपुरा थाना बनेड़ा, अर्जुन चौधरी पिता मोहनलाल, निवासी सरदार नगर थाना बनेड़ा , महेंद्र कुमार पिता देबीलाल बैरवा, निवासी रेण थाना बड़लियास, कैलाश कुमार पिता देबीलाल बैरवा, निवासी रेण थाना बड़लियास , मुकेश प्रजापत पिता पारसमल प्रजापत, निवासी बरसनी थाना शंभुगढ़, दीपक सिंह पिता लाडू सिंह भाटी, निवासी गायत्री नगर थाना गांधीनगर शामिल है। । पुलिस का कहना है कि अन्य संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी निगरानी की जा रही है और आने वाले दिनों में और कार्रवाई संभव है। साथ ही कालाबाजारी रोकने के लिए रसद विभाग, पुलिस और गैस कंपनियों की संयुक्त टीमें भी सक्रिय कर दी गई हैं।

# मेजा डेम में मामा-भांजे की डूबने से मौत

## नहाने उतरे थे दोनों, गहराई में जाने से हुआ हादसा; एक घंटे बाद निकाले गए शव



मृतक डालचंद





मृतक भेरूलाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के मांडल थाना क्षेत्र में स्थित मेजा डेम रविवार को एक हृदयविदारक हादसे घटित हुआ, जहां नहाने उतरे मामा-भांजे की डूबने से मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार समेलिया गांव के पास मेजा डेम पर डालचंद (25) पुत्र भगवानलाल बिश्नोई अपने 10 वर्षीय भांजे भैरूलाल पुत्र कैलाश बिश्नोई के साथ गया था। दोनों डेम के कैचमेंट एरिया में नहाने उतरे, लेकिन नहाते-नहाते गहरे पानी में चले गए। अचानक गहराई बढ़ने से दोनों संतुलन खो बैठे और डूबने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक दोनों पानी में समा चुके थे। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस और गोताखोरों को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने करीब एक घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव पानी से बाहर निकाले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं, जबकि मामले की जांच जारी है।

मृतक भैरूलाल अपने परिवार का इकलौता बेटा था और सातवीं कक्षा में पढ़ता था। वह स्कूल की छुट्टियों में अपनी मां के साथ मामा के घर आया हुआ था। उसके पिता की करीब सात वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी थी।

इस हादसे के बाद परिवार पूरी तरह टूट गया है।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान को 80G व 12AB प्रमाण पत्र

## बैक डेट से मिला 12पत्रिका लाभ, पहली रसीद बुक माता के चरणों में अर्पित



**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू ।**

**दिनेश गुर्जर ।** श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान को आयकर विभाग द्वारा 80G एवं 12AB प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर संस्थान में खुशी का माहौल है। खास बात यह रही कि 12AB प्रमाण पत्र पूर्व तिथि (बैक डेट) से भी प्रदान किया गया है, जिससे संस्थान को पूर्व अवधि से भी लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर 80G की पहली रसीद बुक छपवाकर विधिवत माता जी के चरणों में अर्पित की गई तथा संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी एवं पदाधिकारियों को सौंपी गई।

इस उपलब्धि पर संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी व पदाधिकारियों ने वरिष्ठ सलाहकार दलपत सिंह सांखला (जयपुर) का चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया। उन्होंने इस कार्य को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। साथ ही आयकर विभाग एवं गार्गिया कंसल्टेंसी, जयपुर का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

अध्यक्ष जोशी ने इसे संस्थान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 80त्र के तहत दान कर पुण्य लाभ के साथ आयकर में छूट का लाभ उठाएं तथा संस्थान के विकास कार्यों में सहयोग करें।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

## राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हादसा, प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर



**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया ।**

**विकास जैन ।** नयागांव क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। भीलवाड़ा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को कोटा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घायल युवक छोटू लाल और देबी लाल हैं, जो सलावटिया क्षेत्र में रहकर मजदूरी का कार्य करते हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कार व बाइक में आमने-सामने की टक्कर, बाइक सवार गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर कोटड़ी मार्ग पर कोठारी नदी के किनारे एक कार व बाइक में जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि सवाईपुर व कोटड़ी मार्ग पर कोठारी नदी किनारे एक कार व बाइक में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार सांवर पिता मोहनलाल रेगर निवासी कोटड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को 108 एंबुलेंस के मदद से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया । वही पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस चौकी लाकर खड़ा किया ।

मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई ।।

# छल माता मंदिर का दान पात्र खोला, 1.14 लाख रुपए प्राप्त



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

कस्बे के प्रसिद्ध छल माता मंदिर में दान पात्र खोला गया, जिसमें कुल 1,14,186 रुपए की राशि प्राप्त हुई। दान राशि की गणना ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों की मौजूदगी में की गई।

इस अवसर पर शिवलाल जाट, लादू लाल श्रोत्रिय, कैलाश तेली, सुरेश तिवारी, सांवरमल श्रोत्रिय, बरदा लाल रेगर, रामपाल माली, भेरू जाट, दुर्गा लाल माली, राजू भाट, सुनील राजस्थला सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में तीन युवकों की मौत

## एग्जाम देने जा रहे दो दोस्त भी हादसे का शिकार, एक युवक गंभीर घायल


**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-148ष्ठ भीलवाड़ा-टोंक पर धोड़ नाथून गांव के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की रविवार को आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक उछलकर दूर जा गिरे और दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जुट गई।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान टिकड़ गांव निवासी जितेंद्र (35) पुत्र अशोक मेघवंशी और इंटुडा निवासी नरेंद्र (36) पुत्र हरजीराम मेघवंशी के रूप में हुई है, जो एक ही बाइक पर सवार थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार जोझर निवासी विशाल (19) पुत्र हनुमान सिंह राजपूत की



भी मौत हो गई।

हादसे में गंभीर घायल राहुल (18) पुत्र सरदार सिंह, जो विशाल के साथ बाइक पर था, अस्पताल में भर्ती है और उसका उपचार जारी है।

पुलिस ने बताया की विशाल और राहुल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे और रविवार को आरएससीआईटी परीक्षा देने जोझर से जहाजपुर आ रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार जितेंद्र और नरेंद्र किसी निजी कार्य से निकले थे।

पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है और मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# नयागांव में 4 अप्रैल को ऐतिहासिक आयोजन : पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की प्रतिमा अनावरण के साथ होगा स्कूल का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**नरेश धाकड़।** नगर के नयागांव में 4 अप्रैल को पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की स्मृति में एक विशाल आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्रभर में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए रविवार को आदर्श धाकड़ विद्यापीठ स्कूल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जहां बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ और पूर्व जिला प्रमुख कन्हैया लाल धाकड़ ने विस्तृत जानकारी साझा की।

जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम विवेक सुषमा चेरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों का उद्देश्य इसे सर्वसमाज का कार्यक्रम बनाना है, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।





विधायक सुरेश धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा, वहीं उनके नाम से एक नए अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की शुरुआत भी होगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि और सम्मान के भाव से किया जा रहा है, इसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि शामिल नहीं है। उन्होंने विवेक धाकड़ के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे सरल, मिलनसार और जनहित के प्रति समर्पित नेता थे। समाज सेवा में उनके योगदान के कारण आज भी लोग उन्हें प्रेरणा स्त्रोत मानते हैं। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 20 से 25 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। विवेक धाकड़ का प्रभाव माण्डलगढ़ क्षेत्र से आगे बढ़कर प्रदेश और अन्य राज्यों तक फैला हुआ था, जो उनके व्यापक जनसंपर्क और लोकप्रियता को दर्शाता है। विधायक ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया के युग में सकारात्मक सोच अपनाएं और अपने आदर्शों से प्रेरित होकर समाजहित में कार्य करें।

इसी कड़ी में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में उपप्रधान कैलाश धाकड़, सरपंच संघ अध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, थड़ौदा सरपंच राजेश धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष औकार लाल धाकड़, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पू लाल धाकड़, प्रदेश युवा संघ के महामंत्री दुर्गेश धाकड़ सहित ट्रस्ट एवं समाज के अनेक पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एलपीजी की कालाबाजारी व अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी

## 27 स्थानों पर कार्रवाई कर 132 सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन एवं अन्य उपकरण किए जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में एलपीजी की कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले में अब तक कुल 27 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम, के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कुल 132 गैस सिलेंडर, रिफिलिंग मशीन एवं अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। साथ ही 6 के तहत 27 प्रकरण तैयार कर जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक प्रकरण में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।उन्होंने बताया कि इसी क्रम में भदालीखेड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित एक ऑटो एलपीजी पम्प को भी सील किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध गैस रिफिलिंग जैसी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी तथा इसमें संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री एवं विभिन्न मंत्री श्री महाशिवपुराण कथा के लिए आमंत्रित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 8 से 14 अप्रेल तक आजादनगर मेडिसिटी ग्राउण्ड पर होने वाली शिव महापुराण कथा आयोजन में शामिल होने के लिए विशिष्टजनों को आमंत्रित करने का दौर जारी है। कथा सूत्रधारा संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होने वाले आयोजन के लिए श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति भीलवाड़ा के पदाधिकारियों ने राजस्थान के उप मुख्यमंत्री व विभिन्न मंत्रियों को आमंत्रित किया है। समिति के अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उद्योग एवं खेल मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़, नगरीय विकास मंत्री झाबरसिंह खर्रा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, खाद्य मंत्री सुमित गोदारा से मुलाकात कर उन्हें इस आयोजन में विशिष्ट आतिथ्य प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। उप मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। आमंत्रित करने



वालों में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया, प्रशासनिक प्रभारी अर्पित कोठारी आदि भी शामिल थे। गौरतलब है कि समिति द्वारा श्री महाशिवपुराण कथा में शामिल होने के लिए राजस्थान के राज्यपाल हरिभाउ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आदि को आमंत्रित किया जा चुका है।




QUICK BITES

## 'मन की बात' कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना 132वां एपिसोड**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवारी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 132वें एपिसोड का रविवार को सीधा प्रसारण नगर के पूर्व सहायक कृषि अधिकारी उदयलाल कोली के निवास पर किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जैन, जिला संयोजक हितेंद्र सिंह राजोरा सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली।

इस दौरान शांतिलाल जोशी, वेदप्रकाश तिवारी, पंकज कुमार विजय, उमाशंकर वैष्णव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कमलेश कुमार कोली, देवीलाल कोली, अनिल कुमार खटीक, मुकेश सिंह पवार, धर्मराज सिंह पवार, मुकेश धाकड़, राजू सुथार, निलेश चित्तौड़ा सहित सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 114 यूनिट रक्तदान से मानवता की मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



**( रोशन वैष्णव)** सिंगोली चारभुजा क्षेत्र में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में लोगों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। शिविर में अब तक 114 यूनिट रक्तदान हो चुका है, जो समाज सेवा के प्रति लोगों की जागरूकता और समर्पण को दर्शाता है।

यह पुनीत कार्य सिंगोली श्याम मित्र मंडल, सिंगोली श्याम सेवा संस्थान एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन, भीलवाड़ा के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भक्तजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया।

आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और इससे कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 31 हजार आहुतियों के साथ गूंजा देवनारायण भगवान का यज्ञ, नोहरा में भक्ति का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर)।** कस्बे के निकटवर्ती नोहरा (जित्यांस) गांव स्थित काली छाट के देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित 21 कुंडात्मक विशाल श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

तीसरे दिन स्थापित देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं द्वारा देवनारायण भगवान के नाम की 31 हजार आहुतियां अर्पित की गई। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में नौ दिवसीय इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई थी। सह यज्ञाचार्य हरिशंकर दाधिच ने बताया कि रविवार सुबह 8:15 बजे मंडप प्रवेश हुआ, जिसके बाद यज्ञाचार्य पंडित धर्म नारायण वैदाचार्य के मंत्रोच्चार के साथ देवी-देवताओं एवं चारभुजा नाथ की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके पश्चात 21 हवन कुंडों पर 21 जोड़ों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां दी गई। वहीं निज मंदिर में देवनारायण भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से 31 हजार आहुतियां अर्पित कीं। दोपहर 1:15 बजे महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद स्वामी जगदीश पुरी महाराज (हनुमद धाम गोशाला, शक्करगढ़) के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक श्रवण किया।

रात्रि में मेला प्रांगण में लगे झूले, चकरी और विभिन्न आकर्षणों का आसपास के गांवों से आए लोगों ने आनंद लिया। महिलाओं व युवतियों ने मेले में जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ, बच्चों की प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सकल जैन श्वेतांबर समाज भीलवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से मनाए जा रहे भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 के तहत तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों से लेकर समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

महोत्सव संयोजक दिलीप मेहता ने बताया कि प्रथम दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शांति भवन में 'भगवान महावीर के जीवन के 27 भवों' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

प्रतियोगिता दो वर्गों 7 से 12 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष में आयोजित हुई। प्रथम वर्ग में करीब 65 एवं द्वितीय वर्ग में 15 बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक के रूप में संध्या जैन एवं रिया लोढ़ा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। आयोजन में संयोजिका प्रेक्षा मेहता के नेतृत्व में पायल बलिया, हेमलता खेराड़ा एवं सुनीता बोरदिया का विशेष सहयोग रहा।

प्रथम वर्ग में माही चोपड़ा प्रथम, नवीश नाहटा द्वितीय एवं दीत्या चौधरी तृतीय रहे। द्वितीय वर्ग में पलक जैन प्रथम, अहाना मारू द्वितीय एवं समन्वी बाफना तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को नकद पारितोषिक एवं प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

इसके पश्चात दोपहर 2 से 4 बजे तक शांति भवन स्थित मोदी हॉल में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सिम्मी पोखरना, स्नेहलता झाबक, प्रमिला कोचिटा, अंजना मेहता सहित महिला मंडल की चंदा कोठारी, इंद्रा बाफना, प्रमिला सूर्या, बसंता डांगी, सरिता पोखरना, स्नेहलता चौधरी एवं मधु मेडतवाल का सहयोग रहा।

महोत्सव समिति के संरक्षक नवरतनमल बंब, राजेंद्र प्रसाद चीपड़, जसराज चोरड़िया, विनोद बंब, गोवर्धनसिंह कावड़िया सहित अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### आज चित्रकूट धाम में विशाल भजन संध्या

मीडिया संयोजक मनीष बंब एवं सहसंयोजक धर्मेंद्र कोठारी ने बताया कि सोमवार 30 मार्च को दोपहर 2 बजे शांति भवन के मोदी हॉल में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित नाटिका का मंचन किया जाएगा।

वहीं रात्रि 7 बजे से चित्रकूट धाम में विशाल भजन संध्या आयोजित होगी, जिसमें चंग के साथ भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भजन गायक गणेश सुराणा, अंकुर बंब, निशा हिंगड़, श्रेया रांका एवं अपेक्षा पामेचा अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

कार्यक्रम संयोजक ऋषभ बंब एवं सहसंयोजक प्रकाश पीपाड़ा व निर्मल सुतरिया ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## एलपीजी किल्लत की अफवाहों पर सख्ती, कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्रवाई: एसपी

**वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी अधिकारियों को दिए निर्देश, आमजन से अफवाहों से दूर रहने की अपील**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर फैल रही अफवाहों और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारियों एवं थानाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एलपीजी गैस, उर्वरक और पेट्रोल पंपों के सुचारू प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और किल्लत की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

एसपी ने आमजन को भरोसा दिलाया कि जिले में एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और राज्य सरकार द्वारा नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि किल्लत की जो खबरें सामने आ रही हैं, वे पूरी तरह अफवाह हैं।

इधर, एसपी के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों पर थानाधिकारियों द्वारा सीएलजी सदस्यों, पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों और स्थानीय नागरिकों के साथ बैठकें आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। इन बैठकों में लोगों को अफवाहों से दूर रहने और किसी भी तरह की गलत जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं गैस सिलेंडर की कालाबाजारी, अवैध भंडारण या पेट्रोलियम पदार्थों में किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना मिले तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 पर शिकायत दर्ज कराएं। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने यह भी चेतावनी दी कि जो भी व्यक्ति एलपीजी गैस या पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत को लेकर अफवाह फैलाएगा, उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांतीय बैठक संपन्न

**हनुमान चालीसा केंद्र शुरू करने और संगठन मजबूती पर दिया जोर**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




स्थानीय गजाधर मानसिंहका धर्मशाला में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल चित्तौड़ प्रांत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसमें धर्मशाला के व्यवस्थापक सहित मंचासीन अतिथियों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता साध्वी देवगिरी (हमीरगढ़ छो बावड़ी धाम) ने हिंदू समाज को संगठित करने पर जोर देते हुए गांव-गांव में हनुमान चालीसा केंद्र प्रारंभ करने और अखाड़ों के संचालन का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय मंत्री चन्द्रसिंह, लाल बाबा एवं चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन विस्तार और सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। राष्ट्रीय छात्र परिषद के मिथलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कुल पांच सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 15 जिलों के 67 पदाधिकारियों ने भाग लिया। इन सत्रों में हनुमान चालीसा केंद्र, लव जिहाद, लोकतंत्र में हिंदू समाज की भूमिका तथा वैश्विक परिदृश्य में सनातन की आवश्यकता जैसे विषयों पर चर्चा एवं बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समापन सत्र को राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति, संगठन मंत्री रोहित भाई, ओजस्विनी प्रांत अध्यक्षा कामना शर्मा, ममता गुप्ता एवं मिथलेश शर्मा ने संबोधित किया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोपाल तेली एवं महानगर अध्यक्ष राम लक्ष्मण ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हिंदू हेल्पलाइन के प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी ने किया।

इस अवसर पर प्रांत के विभिन्न जिलों एवं तहसीलों के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई, जिनका उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

# राजस्थान दिवस पर सजी कला की रंगीन प्रदर्शनी, 25 कलाकारों की कृतियों ने मोहा मन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान दिवस के अवसर पर शहर में लोक संस्कृति, परंपरा और कला की जीवंत झलक प्रस्तुत करती एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शास्त्रीनगर स्थित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रविवार को दीपिका आर्ट अकादमी एवं नवदीप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें 25 कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हाथीभाटा आश्रम के महन्त संत महाराज, पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू, गौभक्त सुनील जागेटिया एवं राजस्थान जन मंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी द्वारा मोली बंधन खोलकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान की कला और



संस्कृति हमारी पहचान है, जिसे सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कलाकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है।

गौभक्त सुनील जागेटिया ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कारों को संजोने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

राजस्थान जन मंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान की लोक कला विश्वभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच मिला है, जो सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रदर्शनी में राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपराओं, ग्रामीण जीवन, लोकदेवताओं एवं प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाती विविध पेंटिंग्स, फोटोग्राफी एवं प्रिंट मेकिंग की आकर्षक कृतियां प्रदर्शित की गईं, जिन्हें दर्शकों ने काफी सराहा।

दीपिका आर्ट अकादमी की संचालिका दीपिका पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना एवं राजस्थान की समृद्ध कला विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे, जिससे नई प्रतिभाओं को अवसर मिल सके।

प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर समस्त 25 कलाकार तथा सुरेश आचार्य, रामेश्वर जीनगर, विश्वास पत्रिया, मांगु सोनी आदि मौजूद थे।

# जहाजपुर में जनसंवाद केंद्र पर विधायक गोपीचंद मीणा ने सुनी आमजन की समस्याएं

## पानी, बिजली, सड़क व स्थानांतरण से जुड़े मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

**गजानंद जोशी**

स्थानीय विधायक एवं एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने रविवार को विधायक जनसंवाद केंद्र पर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग पानी, बिजली, सड़क, नजदीकी स्थानांतरण सहित विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों के मुद्दे लेकर पहुंचे।

विधायक मीणा ने मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान के प्रयास



किए, वहीं कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर त्वरित निस्तारण करवाया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से और समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि दोनों का दायित्व है कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेंद्र खटीक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन, भाजपा कार्यकर्ता किशोर शर्मा, अजय मीणा, अजय सुवालका, सरपंच प्रत्याशी देवराज भाट सहित कई कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भागवत समरसता महोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, तीसरे दिन पंडाल खचाखच भरा

## राधाकृष्ण महाराज बोले परमात्मा का मार्ग मन में, सेवा में देरी से घटता है पुण्य





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट, नौगांवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भागवत समरसता महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों से पंडाल खचाखच भर गया।संस्थान अध्यक्ष डीपी अग्रवाल और कथा संयोजक मनीष बहेडिया ने बताया कि माधव गौशाला परिसर में आयोजित कथा में गौवत्स श्री राधाकृष्ण जी महाराज ने एकादशी के महत्व को बताते हुए इसे जन्माष्टमी के समान फलदायी बताया। उन्होंने गौ-सेवा के वैज्ञानिक आधार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक विज्ञान और आयुर्वेद भी गाय के महत्व को स्वीकार करते हैं।

कथा में महाराज ने कहा कि श्रेष्ठ संगति का प्रभाव गंगाजल के समान होता है, जो व्यक्ति के जीवन को पवित्र और सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने सेवा और भक्ति पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य प्रतीक्षा के योग्य नहीं बल्कि सेवा के योग्य है, और सेवा में देरी से पुण्य कम हो जाता है।

उन्होंने ध्रुव चरित्र के माध्यम से प्रेरित करते हुए कहा कि परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग वन में नहीं बल्कि मनुष्य के मन में निहित है।

महोत्सव के दौरान नन्हीं गायिका तक्षवी सोड़ानी के भजन 'ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन' ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं नंदेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजन भी संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संत-महात्माओं, संघ पदाधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों ने उपस्थित होकर महाराज का आशीर्वाद लिया।

ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि 30 मार्च को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, शाम को युवा गोष्ठी, 31 मार्च को बाल कृष्ण लीला व छप्पन भोग, 1 अप्रैल को रुक्मणी विवाह और 2 अप्रैल को सुदामा चरित्र कथा के साथ महोत्सव का समापन होगा।

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज, निकलेगी शोभायात्रा

## प्रभात फेरी से होगा शुभारंभ, दिनभर होंगे धार्मिक आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**शुभम जैन** दिगम्बर जैन समाज द्वारा सोमवार को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे।

दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर कमेटी के अनुसार प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8 बजे भव्य शोभायात्रा बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर पुराने बाजार, नगरपालिका चौक, सब्जी मंडी होते हुए तेजाजी का चौक तक जाएगी और पुनः मंदिर पहुंचेगी।

मंदिर पहुंचने पर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में शांतिधारा एवं मस्तकाभिषेक का आयोजन होगा।

मुनि सुप्रभात सागर शांति सागर संत निलय में धर्मसभा को संबोधित करेंगे, वहीं प्रातः 10 बजे उनकी आहार चर्या होगी।

शाम को बड़े मंदिर में आरती एवं भक्ति कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान नगर के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव का होगा भव्य आयोजन, तैयारियां जोरों पर

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चंवरा स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति में बताया की 1 व 2 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जेड

कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं राजभोग (सुरास हनुमान जी) का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय रहेगा।

वहीं 2 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।



शोभायात्रा में रथ यात्रा, पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा मुख्य आकर्षण होंगे। यात्रा सुरास तेजाजी चौक से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए चंवरा हनुमान मंदिर पहुंचेगी।

## QUICK BITES

# निःशुल्क दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोली समाज विकास ट्रस्ट, भीलवाड़ा एवं हिमांशी इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं एक्यूप्रेशर हेल्थ केयर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क जांच एवं उपचार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि यह शिविर 30 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा। शिविर पंचायत भवन, कोली मोहल्ला में लगाया जाएगा।

शिविर में दौसा के अनुभवी चिकित्सक डॉ. पूरणमल कोली (MD Acu), पूर्व राजकीय प्राचार्य, द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। शिविर में इलेक्ट्रो होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार किया जाएगा।

इस दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर, जोड़ों का दर्द, लकवा, सर्वाइकल, सायटिका, थायराइड, मोटापा सहित अन्य रोगों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# एलपीजी, पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार, अफवाहों से बचें- जिला कलेक्टर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जिले में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। इसके बावजूद हाल के दिनों में फैल रही अफवाहों के कारण उपभोक्ताओं द्वारा पैनिक बुकिंग की जा रही है और अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण किया जा रहा है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव बन रहा है।

जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र मिश्र ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक खपत लगभग 11 हजार है, जबकि प्रतिदिन करीब 18 हजार सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि जिले में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों को ओटीपी आधारित होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आपूर्ति व्यवस्था की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है तथा नियमित जांच भी की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को निर्धारित दर पर ही गैस उपलब्ध हो और उन्हें अतिरिक्त राशि न चुकानी पड़े।

प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक भंडारण से बचें। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल से गैस बुकिंग का प्रावधान है, इसलिए उपभोक्ता नियमानुसार ही बुकिंग करें। संयम एवं सहयोग से ही आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जा सकता है।

जिला प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा ऑयल कंपनियां स्थिति पर सतत निगरानी बनाए हुए हैं। एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी एवं पीएनजी से संबंधित सभी केंद्रों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं तथा इस दिशा में निरंतर कार्रवाई जारी है।

प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और सभी आवश्यक सेवाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय भव्य आयोजन, सुंदरकांड पाठ व शोभायात्रा होगी आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 1 व 2 अप्रैल को शक्करगढ़ में दो दिवसीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

आयोजन के तहत 1 अप्रैल, बुधवार को सायं 7 बजे श्री पलसा के बालाजी मंदिर, बालाजी चौराया शक्करगढ़ में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। भजन-कीर्तन व धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालु भगवान हनुमान की भक्ति में लीन रहेंगे।

वहीं 2 अप्रैल, गुरुवार को दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा एवं अखाड़ा प्रदर्शन निकाला जाएगा। यह शोभायात्रा श्री पलसा के बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां महाआरती के साथ समापन होगा। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, ध्वज, ढोल-नगाड़े एवं अखाड़ों द्वारा हैरतअंगेज करतब मुख्य आकर्षण रहेंगे।

# 7 अप्रैल को रक्तदान शिविर, पोस्टर विमोचन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ एकीकृत, भीलवाड़ा के तत्वावधान में 7 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर का पोस्टर महेश सेवा समिति में विमोचित किया गया। कार्यक्रम में समिति व माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने की अपील की। आयोजकों ने बताया कि शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# रक्तदान शिविर में 117 यूनिट संग्रहित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री महावीर हनुमान सेवा संस्थान द्वारा गांधी वाटिका में आयोजित रक्तदान शिविर में 117 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। महंत मोहनशरण शास्त्री के सानिध्य में हुए शिविर में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया।

महेश जाजू ने 59वीं और चंद्र प्रकाश नेगी ने 44वीं बार रक्तदान कर प्रेरणा दी। कई महिलाओं सहित अनेक रक्तदाताओं ने भाग लिया। आयोजन में रामस्नेही व कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक की टीम का सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।